# कोरोना जैसे संक्रामक बीमारी से लड़ने के लिए सभी का सहयोग जरूरी

**» लॉक डाउन का पालन करने और अपने घरों में रहने की जिलेवासियों से अपील**

**सीएचएमओ ने कोरोना वायरस के लक्षण एवं बचाव के संबंध में दी जानकारी**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए पूरी सतर्कता और समझदारी से इस स्थिति का सामना करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 21 दिन के लॉक डाउन का पालन करे एवं सभी लोग अपने-अपने घरों के अंदर ही रहे। डॉ.केशरी ने कोरोना वायरस के लक्षण, कोरोना कैसे फैलता है एवं कोरोना से बचाव के लिए क्या करें व क्या न करें की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान दें। दिन में कई बार 20 सेकेंड तक हाथ धोए, लोगों के बीच एक से डेढ़ मीटर की दूरी बनाकर रखे, खांसते एवं छींकते समय रूमाल अथवा टीशू पेपर का इस्तेमाल करें एवं उपयोग के पश्चात बंद डिब्बे में ही डाले, आंख, मुंह, नाक को अनावश्यक न छूये। यदि आपको खांसी या बुखार हो तो किसी से संपर्क में न आए, सार्वजनिक स्थानों में न थूंके। जीवित पशुओं से संपर्क या कच्चे अथवा अधपके मांस के सेवन से बचे। जीवित पशुओं के बाजारों या जानवरों के वध किए जाने वाले स्थलों पर न जाएं। ऐसे व्यक्ति जो 1 फरवरी 2020 के बाद विदेश यात्रा या कोरोना प्रभावित क्षेत्रों से आये है वे तत्काल सूचना दे एवं नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जांच कराये तथा आइसोलेशन निर्देशों का साथ अपने सामाजिक दायित्वों का पालन करें। कोरोना वायरस के संबंध में किसी भी जानकारी के लिए जिला स्वास्थ्य समिति रायगढ़ द्वारा जनहित में जारी हेल्पलाईन नंबर 07762-220288 या टोल फ्री नंबर 104 में संपर्क करे। हम सभी को एक साथ मिलकर इस संक्रामक बीमारी से लड़ना है और कोरोना को हराना है।



## एमएमआई ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा की 60 लाख की राशि

**रायपुर।** कोरोनो वायरस से बचाव के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मुहीम को प्रदेश भर के समाजसेवी संगठनों, उद्योगपतियों, स्वयंसेवी संस्थाओं सहित आम नागरिकों का भरपूर समर्थन और सहयोग मिल रहा है। इसी क्रम में विपत्ति की इस घड़ी में अपने सामाजिक सरोकार को पूरा करने एमएमआई ट्रस्ट आगे आया है। ट्रस्ट द्वारा आज मुख्यमंत्री सहायता कोष में 60 लाख रुपये की सहयोग राशि जमा कराई गयी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने एमएमआई ट्रस्ट के इस कदम की सराहना करते हुए कहा है कि इससे प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के प्रयासों को बल मिलेगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### शराब नहीं मिलने पर पी स्पिरिट दो की मौत, एक गंभीर

**» घटनास्थल पर पहुंचे महापौर**

**रायपुर (आरएनएस)।** लॉकडाउन के दौरान शराब दुकान बंद होने पर नशे के शौकिनों द्वारा अपने शौक को पूरा करने के लिए स्पिरिट पीने का मामला शराब नहीं मिलने पर प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार बांसटाल के दो युवकों ने शराब नहीं मिलने पर स्पिरिट पी जिसके चलते उनकी वहीं मौत हो गई। तीसरे व्यक्ति की गंभीर हालत में सूचना मिलने पर महापौर एजाज ढेबर द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर उसे बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ज्ञातव्य है कि लाकडाउन के दौरान इन दिनों शराब दुकानें भी बंद है। वहीं शहर में नशेड़ियों की बड़ी संख्या अपने नशे के शौक को पूरा करने के लिए अन्य नशों को खोज रही है। इसी कड़ी में उक्त युवकों द्वारा शराब नहीं मिलने पर स्पिरिट पिया गया जिसके चलते घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

### मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद निजी स्कूलों द्वारा फीस वसूली पर लगी रोक :

**» संचालक लोक शिक्षण ने जिला शिक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश के बाद प्रदेश के सभी निजी स्कूलों द्वारा फीस वसूल पर रोक लगा दी गई है। श्री बघेल के निर्देश पर राज्य शासन ने निजी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के पालकों को बढ़ी राहत मिली की है। मुख्यमंत्री ने निजी स्कूल संचालकों से कहा है कि कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन की स्थिति में पालकों से बच्चों की स्कूल फीस की वसूली स्थगित रखी जाए। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुए निजी स्कूलों से फीस वसूली स्थिगित करने का आदेश जारी कर दिया गया है। संचालक लोक शिक्षण श्री जितेन्द्र शुक्ला ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निजी स्कूल लॉकडाउन की अवधि में स्कूल फीस वसूली स्थगित रखें, जिससे पालकों और बच्चों को अनावश्यक परेशानी नहीं हो। संचालक ने जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा है कि राज्य शासन को ऐसी सूचनाएं मिल रही है कि अनेक निजी शालाओं द्वारा लॉकडाउन की अवधि में भी स्कूल फीस जमा करने संबंधी संदेश पालकों को लगातर भेजे जा रहे है। लॉकडाउन की अवधि में स्कूल फीस भुगतान के लिए दबाव डालना उचित नहीं है। श्री शक्ला ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को अपने सभी अधीनस्थ कार्यालयों और शालाओं को अवगत कराने तथा इसका पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

### बेवजह तफरी करना युवक को पड़ा भारी, हुआ गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना वायरस के चलते इस समय पूरे देश एवं प्रदेश में कड़ा लाकडाउन लगाया गया है। बार-बार प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री एवं विभिन्न माध्यमों से जिसमें प्रमुख रूप से अस्पताल के चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा लोगों से स्वयं की सुरक्षा के लिए घरों में रहने के लिए कहा जा रहा है। बावजूद इस महामारी की गंभीरता को नहीं समझते हुए कुछ लोग मनमानी करने पर उतर गये हैं। सिविल लाइंस थाने से मिली जानकारी के अनुसार राजातालाब नईबस्ती निवासी जाकिर हुसैन दोपहिया वाहन से राजभवन की ओर से आता हुआ बेरिकेट पर रोका गया। पूछताछ करने पर बेरिकेट में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा उक्त युवक से पूछताछ करने पर युवक का जवाब था वह अपनी मर्जी से घूम रहा है जो करना है कर लो। उक्त बात सुनने पर ड्यूटी में तैनात उपनिरीक्षक अजय झा ने उक्त मामले की शिकायत सिविल लाइंस थाने में की युवक के खिलाफ आईपीसी की धारा 188 एवं 269 के तहत मामला कायम कर गिरफ्तार किया गया है।

### मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान : 3.15 लाख हितग्राहियों को दिया जा रहा 21 दिनों का सूखा राशन

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के हितग्राहियों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर का ध्यान रखते हुए लॉकडाउन अवधि में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत चिन्हांकित हितग्राहियों को सूखा राशन जैसे चावल, दाल एवं स्थानीय रूचि एवं उपलब्धता के अनुसार अन्य पौष्टिक आहार का पैकेट बनाकर प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।

## संक्रमण की आशंका के बावजूद सिक्युरिटी इंचार्ज ने गार्डों को एक साथ रहने का दिया निर्देश

**» आदेश नहीं मानने वाले 02 गार्ड को इंचार्ज ने किया सस्पेंडड**

**» सस्पेंड गार्ड के आवेदन पर इंचार्ज के विरूद्ध हुई कार्यवाही**




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना तमनार अन्तर्गत अंबुजा सिमेंट लिमिटेड गारे पेलमा आईवी/8 कोल मांईस करवाही में कार्यरत एसआईएस सुरक्षा कर्मी राहुल कुमार खुंटे एवं मनोहर लाल बंजारे दोनों एक साथ ग्राम बजरमुड़ा में किराये के मकान में रहते थे। इनके सिक्युरिटी इंचार्ज मिथलेश श्रीवास द्वारा दिनांक 27.03.2020 को व्हाटसप किया कि सभी सुरक्षा कर्मचारियों को एक जगह सब स्टेशन (बिजली घर ) में रहने के लिए कहा गया। तब जाकर देखे जहां करीब 60-70 गार्ड रह रहे थे। इन्होनें संक्रमण को देखते हुए एक साथ रहने से इंकार किये तो दिनांक 28.03.2020 को इंचार्ज इन्हें सस्पेंड कर दिया। जिसकी शिकायत राहुल खूंटे पिता देवानंद खुंटे उम्र 22 साल निवासी ग्राम भुईंगांव पामगढ थाना जिला जांजगीर चांपा द्वारा थाना तमनार में किये जाने पर सेक्युरिटी इंचार्ज मिथलेश श्रीवास के विरूद्ध अप.क्र. 109/2020 धारा 188 भादंवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**» घरघोड़ा प्रभारी ने बैहामुड़ा नेत्रहीन स्कूल में बच्चों को किए फल वितरण**

## सरिया शहर की ड्रोन कैमरे से भी निगरानी, जिले से बाहर जाने वालों को रोका जा रहा है चेकप्वाइंट पर

**» सारंगढ़ प्रभारी ने सफाई मित्रों को बांटे मास्क बताए जरूरी सावधानियां**

**» ईट भट्टा, डेरा लगाने वाले 60 परिवारों को सरिया थाना प्रभारी ने किया राशन वितरण**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लाक डाउन में एक जिले से दूसरे जिले तथा एक राज्य से दूसरे राज्य ना जाने की समझाइश देने के बावजूद जिले में रह रहे दिगर प्रांत के कुछ श्रमिकों द्वारा चोरी छुपे अन्य राज्यों में जाने की कोशिश की गई है। ऐसे 19 श्रमिकों को थाना घरघोड़ा स्टाफ द्वारा कुडूमकेला बैरियर के पास पकड़ा गया।

श्रमिकों द्वारा गढ़वा झारखंड जाना बताएं जिन्हें वापस एनटीपीसी कंचनपुर भेजा गया है तथा संबंधित प्रबंधक को हिदायत दी गई है कि श्रमिकों का उचित व्यवस्था करें, इसी प्रकार देर रात लैलूंगा से रायपुर जा रहे कुछ ग्रामीणों को घरघोड़ा पुलिस ने रोका और चेतावनी दी गई है कि लाकडाउन का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है, वापस जाएं। लॉक डाउन दौरान घरों के बाहर घूमने वाले तथा अनावश्यक सड़कों पर आवाजाही करने वालों पर अब पुलिस के साथ ड्रोन कैमरे भी निगरानी रखेंगे ऐसी व्यवस्था थाना प्रभारी सरिया द्वारा सरिया नगर क्षेत्र में कराई गई है अब ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही की जाएगी जो बेवजह लॉक टाउन दौरान घर के बाहर व सड़कों पर घूमते देखे जाते हैं।

वही पिछले दिनों की भांति थाना प्रभारियों द्वारा उनके क्षेत्र के जरूरतमंदों को फूड पैकेट, ड्राई फुट का वितरण किया गया इसी क्रम में थाना प्रभारी कोतवाली, कोतरारोड, चक्रधरनगर व उनका स्टाफ शहर में विभिन्न स्थानों में मंदिर के बाहर तथा रोड में असहाय घूमने वालों को फूड पैकेट वितरण किया गया।

**थाना प्रभारी सरिया द्वारा** दूरस्थ क्षेत्रों में ईट भट्टा, डेरा फेरीवाले को जाकर राशन सामग्री, मास्क का वितरण किया गया है। थाना प्रभारी घरघोड़ा द्वारा बैहामुड़ा नेत्रहीन स्कूल में जाकर बच्चों को फल वितरण किया गया तो वही

**थाना प्रभारी सारंगढ़ द्वारा** क्षेत्र के सफाई मित्रों को मास्क का वितरण कर वर्तमान में संक्रमण से बचाव के लिए सावधानियां बताया गया। वहीं पीडीएस के राशन वितरण दौरान सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने हेतु खाद्य सामग्री प्राप्त करने आए हितग्राहियों को पुलिस स्टाफ द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने की हिदायत दी गई है।

## अन्य राज्यों से आये 5075 लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण कर रखा गया क्वारेंटीन में

**» स्वास्थ्य विभाग कर रहा है इनकी नियमित मॉनिटरिंग**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोरोना वायरस के लिए जारी दिशा निर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा विदेशों तथा अन्य प्रदेशों की यात्रा से लौटे हुए लोगों को नियमित रूप से ट्रेस कर रहा है। जिसके पश्चात उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें होम आइसोलेशन तथा सेल्फ क्वारेंटीन में रखा जा रहा है।

जिसकी स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है। 31 मार्च 2020 तक विदेश से कुल 85 यात्री जिले में आये। जिसमें से सभी लोगों को होम आइसोलेशन एवं क्वारेंटीन में रखा गया। इसमें से 72 यात्रियों को होम आइसोलेशन में रहते 14 दिनों से अधिक हो गए है। इन यात्रियों में कोरोना संबंधी कोई लक्षण नही पाए गए हैं तथा 13 यात्री 14 दिनों की आइसोलेशन की अवधि में है। इसी प्रकार 31 मार्च तक कुल 5075 व्यक्ति अन्य राज्यों की यात्रा कर जिले में लौटे है। जिनकी स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्क्रीनिंग कर होम आइसोलेशन में रखा गया है। कुल 5075 लोगों में 496 लोगों ने होम आइसोलेशन में 14 दिन पूर्ण कर लिया है तथा उनमें कोई लक्षण नही है। शेष 4579 लोग वर्तमान में होम आइसोलेशन की 14 दिनों की अवधि के तहत अपने-अपने घरों में है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन यात्रियों के घर पहुंचकर नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है।

### राज्यपाल उइके ने रामनवमी पर्व पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने रामनवमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री रामचन्द्र जी का सम्पूर्ण जीवन उच्च आदर्श और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनका चरित्र और व्यवहार समाज में मानवीय प्रेम एवं बंधुत्व की भावना को बढ़ाता है। राज्यपाल ने रामनवमी के अवसर पर राज्य के सभी नागरिकों के मंगलमय जीवन और सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की है।

## 3 एवं 4 अप्रैल को 40 दिनों का सूखा खाद्यान्न विद्यार्थियों के पालकों को किया जाएगा वितरित

**» खाद्यान्न वितरण के समय सोशल डिस्टेंसिंग का करना होगा पालन**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** संचालक लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश के तहत नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए घोषित शालाओं के अवकाश के दिनों में मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत शासकीय, अनुदान प्राप्त प्राथमिक एवं अपर प्राथमिक शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों का 40 दिनों का सूखा खाद्यान्न विद्यार्थियों के पालकों को वितरित किया जाना है। कलेक्टर यशवंत कुमार ने जिले के संबंधित शाला के प्रधान पाठक, प्रभारी शिक्षक एवं मध्यान्ह भोजन संचालनकर्ता महिला स्व-सहायता समूह को 3 एवं 4 अप्रैल को प्रातः 5 से 10 बजे तक शाला में उपस्थित होकर विद्यार्थियों के पालकों को सूखा खाद्यान्न वितरण करने के निर्देश दिए है।

इस दौरान संबंधित पालकों, शिक्षकों, मध्यान्ह भोजन स्व-सहायता समूहों के सदस्यों, जनपद सीईओ एवं विकास खण्ड एवं सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों को लॉक डाउन से छूट दी जाएगी।

## विधायक विकास उपाध्याय के माध्यम से पंकज इस्पात लिमिटेड ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिया 11 लाख 72 हजार का सहयोग



**रायपुर (आरएनएस)।** पंकज इस्पात लिमिटेड रायपुर, छ.ग. प्रांतिय अखण्ड ब्राम्हण समाज छ.ग. एवं विनय जैन रायपुर के द्वारा कोरोना संक्रमण रोकथाम के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी राहत एवं बचाव कार्य में अपना अमूल्य सहयोग देते हुए आज रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय के माध्यम से मुख्यमंत्री सहायता कोष में 11 लाख 72000 हजार ( ग्यारह लाख बहत्तर हजार मात्र ) की सहयोग राशि प्रदान की। जिसमें पंकज इस्पात लिमिटेड 1100000/-, छ.ग. प्रांतिय अखण्ड ब्राम्हण समाज 51000, एवं विनय जैन रायपुर 21000/- रूपये आज रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय से मुलाकात कर चेक मुख्यमंत्री सहायता कोष के नाम से सौंपा। विधायक श्री उपाध्याय ने पंकज इस्पात लिमिटेड रायपुर, छ.ग. प्रांतिय अखण्ड ब्राम्हण समाज छ.ग. एवं विनय जैन रायपुर का आभार जताते हुए कहा कि मानव जीवन पर आए इस संकट की घड़ी इनके द्वारा किया जा रहा सहयोग, कार्य प्रशंसनीय है।




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHH-